खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आयी नगर पंचायत, बनेगा आधार कार्ड

# फूलो कुंवर को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

शुभम संदेश इंपैक्ट

सुनील कुमार। लातेहार

शुभम संदेश ने अपने 30 मार्च के अंक में पेड़ के नीचे रहने को विवश है बड़का बानपुर की फुलो कुंवर शीर्षक से एक खबर प्रकाशित की थी. खबर प्रकाशित होने के बाद नगर पंचायत हरकत में आया. नगर प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर सीटी मैनेजर राजकुमार वर्मा पीड़िता के घर पहुंचे और वस्तिुस्थति से अवगत हुए. इधर, निवर्तमान वार्ड पार्षद जीतेंद्र पाठक उर्फ बलि पाठक भी फूलो कुंवर के घर पहुंचे. उन्होंने फूलो कुंवर से बातचीत की और उसका हाल जाना. जीतेंद्र पाठक ने बताया कि फूलो कुंवर के दो बेटे हैं. इसमें से एक बेटे को नगर पंचायत के द्वारा आवास दिया जा चुका है और दूसरे बेटे को भी आवास योजना का लाभ दिया जाना है और उसकी प्रक्रिया चल रही है. पाठक ने आगे बताया कि फूलो कुंवर काफी वर्षों से यहां नहीं रहती थी. हाल ही में वह यहां आयी है.सर्दियों के मौसम में उन्होंने उसे कंबल भी उपलब्ध कराया था.उसके पास आधार कार्ड तक नहीं है कि उसे किसी योजना का लाभ दिया जा सके. श्री पाठक ने शुभम संदेश को बताया कि वे अपने व्यक्तिगत प्रयास से फूलो कुंवर का आधार कार्ड बनवाने का प्रयास करेगें, ताकि उसका बैंक खाता खुल सके और पेंशन योजना का लाभ उसे मिल सके. नगर पंचायत कर्मियों ने फूलो कुंवर को नगर पंचायत के द्वारा बनाये गये आश्रयगृह में रहने का आग्रह किया, लेकिन फूलो कुंवर वहां जाने से मना कर दिया. वहीं फूलो कुंवर के एक बेटे ने कहा कि उसकी मां दोनो भाइयों को छोटा में ही छोड़ कर चली गयी थी. अब वह यहां आयी है. इस कारण वह उसे घर में रखने से मना कर दिया है. इस पर नगर पंचायत कर्मियों ने फूलो देवी को अपने घर में रखने बात बेटों से कही. लेकिन उन्होंने उनकी भी एक बात नहीं सुनी. बहरहाल फूलो कुंवर एक पेड़ के नीचे ही रह रही है.



**खास बातें**
- निवर्तमान वार्ड पार्षद ने पीड़िता से की मुलाकात
- कहा पीड़िता के बेटों को मिला है सरकारी आवास
- पीड़िता को पेंशन योजना से जोड़ा जाएगा

पुलिस ने तीन आरोपियों को घटना के 48 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार

# आपसी विवाद में हुई थी राजमोहन पोलू की हत्या

संवाददाता। मेदिनीनगर

पलामू पुलिस ने 27 मार्च को हुई कांग्रेस नेता राजमोहन पोलू की हत्याकांड का खुलासा कर दिया है. राजमोहन पोलू की हत्या आपसी विवाद में हुई है. आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि इस मामले में हत्या के 48 घंटों के अन्दर कांड का उद्भेदन करते हुए संलिप्त मुख्य अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है.

उन्होंने बताया कि पुलिस की पकड़ में आए अभियुक्तों के अनुसार वह अभियुक्त और उसके परिवार को बराबर डराते-धमकाते रहता था और बात-बात पर अपना राइफल तान देता था. घटना के दिन भी बिजली का तार जोड़ने को लेकर राजमोहन पोलू का अभियुक्तों के साथ विवाद हुआ था. इसी दौरान राजमोहन पोलू ने अभियुक्तों पर अपना राइफल तान दिया था.

वहीं राहुल चंद्रवंशी ने देशी कट्टा राजमोहन पोलू पर तान कर चला दिया परन्तु मिसफायर हो गया. इसके बाद धक्का मुक्की शुरू हो गई और राहुल चंद्रवंशी ने राजमोहन पोलू से राइफल छिनकर उसी राइफल के बट से राजमोहन पोलू के सिर पर जोरदार प्रहार किया जिससे राजमोहन पोलू जमीन पर गिर गया.



गिरफ्तार आरोपियों के बारे में जानकारी देती पलामू एसपी.

**घटना में प्रयोग हथियार भी बरामद**

पुलिस ने इनके पास से टूटा हुआ राइफल का अग्र भाग ( बैरल एवं मैगजीन लगा हुआ, अभियुक्त रवि राम उर्फ चंद्रवंशी का खून लगा हुआ जीन्स एवं टी-शर्ट, सिल्वर रंग का एक देशी कट्टा, एक जिंदा गोली व सैंडी ब्लू रंग का लावा कंपनी का एक स्मार्टफ़ोन बरामद किया है . छापामारी दल में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद, प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन, चैनपुर थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, पुअनि अनिल विद्यार्थी, रंजीत कुमार, राजकुमार मेहता, एएसआई शहंशाह आलम सिद्दीकी, रामचंद्र चौधरी, पुलिस जवान अनुराग सिंह, सत्येन्द्र कु0 मेहता आदि शामिल थे .

**बीच-बचाव में मारा गया बिजली मिस्त्री राकेश दास**

बीच-बचाव करने आये बिजली मिस्त्री राकेश दास के सिर पर भी उसी राइफल के बट से जोरदार प्रहार किया जिसमे राइफल टूट गया, और राकेश दास लड़खड़ाते हुए कुछ दूर जाकर जमीन पर गिर गया. इसके बाद तीनों अभियुक्त फिर से राजमोहन पोलू के पास आये और उसी टूटे राइफल के दुसरे हिस्से, बोल्ट और बांस का डंडा से लगातार प्रहार करने लगे. बाद में दोनों को मरा समझकर तीनों अभियुक्त फरार हो गए. उन्होंने बताया कि इस हत्याकांड मे चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरटांड निवासी रवि चंद्रवंशी उर्फ़ रवि राम(27) पिता स्व० गणेश चंद्रवंशी, राहुल चंद्रवंशी (21) पिता स्व० गणेश चंद्रवंशी व विशाल कुमार (20) पिता मनु राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### पांडू में दो युवक देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार

**पांडू (पलामू)।** विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल के पांडू पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर थाने के दरुआ गांव से एक युवक को देशी कट्टा(315 बोर) के साथ गिरफ्तार किया है, वहीं उसके निशानदेही पर दूसरे युवक जो हथियार खरीद बिक्री का कार्य करता है उसे विश्रामपुर थाने के गौरा गांव से गिरफ्तार किया गया है, इस संबंध में पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों युवकों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है , थानाप्रभारी कुमार सौरभ, सब इंस्पेक्टर नीलेश कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कुछ लोग हथियार खरीदने के लिए जुटे थे . कार्रवाई करने के लिए जब पुलिस बल के साथ दरुआ पहुंचे तो कलीम देशी कट्टा के साथ पकड़ा गया, उसने पुलिस को बताया कि वह इसे गौरा गांव के चंदन विश्वकर्मा उर्फ बाबू लोहरा से पांच हजार में खरीदा है, कलीम की निशानदेही पर जब पुलिस चंदन को गिरफ्तार किया तो उसने पुलिस को बताया की वह जहां बनता है वहां से खरीदा था, प्रेस वार्ता में पुलिस इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान , थानाप्रभारी कुमार सौरभ, सब इंस्पेक्टर नीलेश कुमार सिंह व पुलिस बल के जवान शामिल थे,

### परियोजना बालिका उवि में लगा स्वास्थ्य शिविर

**भवनाथपुर।** सेल के सीएसआर के तहत शनिवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय भवनाथपुर में स्वास्थ्य कैम्प लगाया गया. कैम्प का उद्घाटन बीडीओ नंदजी राम, सेल जीएम मनोज कुमार, सेल अस्पताल के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी विजय राम ने संयुक्त रूप से किया. उक्त शिविर में विद्यालय के 300 बच्चियों को बेहतर स्वास्थ्य को लेकर सेल प्रबंधन द्वारा पैकेट बंद सेनेटरी पैड, फल, बिस्कुट, हॉर्लिक्स व आयरन की गोलियां का वितरण किया गया.मौके पर महिला प्रवेक्षिका रिंकी कुमारी, बीईईओ विजय पांडेय, बीपीओ रविंद्र मेहता, विद्यालय के एचएम सत्यप्रकाश यादव, अजय कुमार सिंह, सुशील मिश्रा, घनश्याम शुक्ल, मुकेश दूबे, ओम प्रसून श्रीवास्तव, सरोज कुमारी, पुटी कुमारी आदि शामिल थे.

### यूपीजी नर्सरी इंग्लिश स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**भवनाथपुर।** प्रखंड स्थित यूपीजी नर्सरी इंग्लिश स्कूल परिसर में शनिवार को कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं के बीच वार्षिक परीक्षाफल वितरण किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन शिशु विद्या मंदिर के पूर्व प्राचार्य विजय भान सिंह. भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य संजय कुमार यादव. चेयरमैन अनुराधा सिन्हा. प्राचार्य ऋतुराज प्रसाद गुप्ता. संस्थापक जेपी लाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया. विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए माधुरी कुमारी, सुधा कुमारी, नीरज बैठा को साइकिल देखकर सम्मानित किया गया. साथ ही प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को मुख्य अतिथि ने सर्टिफिकेट एवं मेडल देकर सम्मानित किया. इस मौके पर पवन सिंह, विनोद कुमार, लालू चंद्रवंशी, आशा सोनी आदि शामिल थे.

# आम चुनाव को लेकर गढ़वा जिला प्रशासन पूरी तरह तैयारः उपायुक्त



संवाददाता। गढ़वा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पलामू लोकसभा क्षेत्र में चौथे फेज में चुनाव होना है. जिसके लिए अधिसूचना की तिथि 18 अप्रैल, नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल, नाम निर्देशनों की संवीक्षा की तिथि 26 अप्रैल, नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 29 अप्रैल, मतदान की तिथि 13 मई एवं मतगणना की तिथि 4 जून है. उन्होंने बताया कि डिस्पैच सेंटर के रूप में 80 गढ़वा एवं 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय गढ़वा, जबकि 76 डाल्टनगंज एवं 77 विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय डाल्टनगंज को तैयार किया गया है. सभी के लिए रिसीविंग सेंटर कृषि उत्पादन बाजार समिति पलामू को बनाया गया है. उन्होंने बताया कि गढ़वा जिले में मतदाताओं की संख्या 1041022 है. वहीं पहली बार मतदान करने वाले नए मतदाताओं की संख्या 30142 है. जिसमें 80 गढ़वा में 14790 एवं 81 भवनाथपुर में 15352 है. इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने महिला मतदान केंद्र, पीडब्लयूडी मैनेज्ड बूथ, यूनिक मतदान केंद्र के संबंध में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी. जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि एसपी संग संयुक्त रूप से इंटर स्टेट चेक पोस्ट का निरीक्षण भी किया जा रहा है. वहीं सी विजील के माध्यम से अब तक चार मामले प्रकाश में आए, जिसका डिस्पोजल कर लिया गया.

**खास बातें**
- अब तक लगभग चार लाख 76 हज़ार रुपये जब्त
- गढ़वा जिले में मतदाताओं की संख्या 1041022 है

प्रदीप वर्मा का लातेहार चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया स्वागत

# पीएम मोदी का 10 साल का कार्यकाल चमत्कारिक : सांसद



संवाददाता। लातेहार

राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा का लातेहार चैंबर ऑफ कॉमर्स ने भव्य स्वागत किया. मौके पर पांकी विधायक शशिभूषण मेहता भी मौजूद थे. चैंबर के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने सांसद प्रदीप वर्मा और विधायक शशिभूषण मेहता का माल्यापर्ण कर स्वागत किया. मौके पर प्रदीप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दो कार्यकाल में चमत्कारिक कार्य किया गया है. 370 धारा रद्द किया गया और राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण किया गया. विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ गई है. मौके पर जिप अध्यक्ष पूनम देवी, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद, जिप सदस्य बलवंत सिंह, पूर्व जिप शिल्पा कुमारी, वैश्य महासभा का जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शौंडिक, निर्दोष गुप्ता, भाजपा नेता रामदेव सिंह, नागमणि युवा, मोहितेश अग्रवाल आदि मौजूद थे.

लोस चुनाव — आम चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन तैयार

# डीसी ने पोस्टल बैलेट से मतदान की तैयारियों की समीक्षा की

संवाददाता। लातेहार

लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई. बैठक में पोस्टल बैलेट से मतदान कराने को लेकर की गयी तैयारियों की समीक्षा की गयी. उपायुक्त ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से होने वाले मतदान को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी अधिकारियों को दी. एसेंशियल सर्विसेज श्रेणी में आने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों का मतदान लोकसभा आम निर्वाचन के दौरान सुनिश्चित कराने के लिए अधिकारियों एवं कार्यालय प्रधानों को प्रक्रियाओं से अवगत कराया. उन्होंने सूची पोस्टल बैलेट कोषांग को तय समय पर उपलब्ध करने की बात कही. कहा कि रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म- 12 डी जारी किया जाएगा. इसके आधार पर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए पात्र हो पाएंगे. बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश आदि मौजूद थे.



### अपर समाहर्ता ने की निर्वाचन कोषांग के कार्यों की समीक्षा



**लातेहार।** निर्वाचन कोषांग के वरीय प्रभारी सह अपर समाहर्त्ता रामा रविदास की अध्यक्षता में शुक्रवार को निर्वाचन कोषांग में प्रतिनियुक्त सभी प्रभारी पदाधिकारी व कर्मियों की बैठक हुई . बैठक में निर्वाचन कार्यालय के द्वारा उपस्थापित किये जाने वाले प्रतिवेदन को नियमानुसार एवं समय पर तैयार कर गंभीरतापूर्वक मिलान कर उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया . निर्वाचन कार्यालय के कर्मियों को समय पर नियमानुसार प्रतिवेदन तैयार कर उस पर हस्ताक्षर अंकित करके प्रधान लिपिक से सत्यापन के उपरांत कार्यालय प्रधान, उप निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष उपस्थापित करने का निर्देश दिया गया . उप निर्वाचन पदाधिकारी को गंभीरतापूर्वक मिलान एवं जांचोपरांत कार्य निष्पादन के उपरोक्त कर्तव्यों के निर्वहन करने का निर्देश दिया गया .

### अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा मांग पत्र

**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कल्याण विभाग की भूमि में लक्ष्मण उरांव द्वारा किए गए अवैध कब्जा पर अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी को आवेदन दिया. जिसका खाता संख्या 155, खेसर 98 तथा रब्बा 39 डिसमिल है, यह जमीन कल्याण विभाग बिहार सरकार में दर्ज है इस पर लक्ष्मण उरांव द्वारा 8 डिसमिल जमीन पर अवैध कब्जा कर मकान बना रहे हैं. ग्रामीणों के आवेदन के अनुसार कल्याण विभाग की भूमि पर सरकारी आवास था. जिस पर ग्राम सेवाड़ी थाना रंका जिला गढ़वा निवासी लक्ष्मण उरांव पिता मथन उरांव यहां प्रखंड कल्याण पदाधिकारी के पोस्ट पर कार्यरत थे तथा विभाग द्वारा इन्हें सरकारी आवास निर्गत की गई थी.

## ब्रीफ खबरें

### रामनवमी महोत्सव को लेकर हुई बैठक

**भवनाथपुर।** विहिप के तत्वावधान में श्री रामनवमी पूजा महोत्सव मनाने को लेकर सूर्य मंदिर के प्रांगण में बैठक हुई. इस दौरान श्री राम नवमी पूजा मनाने को लेकर कमिटी का गठन किया गया. सर्वसम्मति से रवि शंकर गुप्ता अध्यक्ष, ओमप्रकाश आर्य एवं रंजीत गुप्ता को उपाध्यक्ष, राजू गुप्ता को सचिव, शंकर गुप्ता को कोषाध्यक्ष, दुर्गेश गुप्ता को मीडिया प्रभारी, ब्रजेश गुप्ता को सूचना प्रभारी बनाया गया. मौके पर विहिप अध्यक्ष आशुतोष वैद्य ने कहा कि इस बार रामनवमी पूजा भव्य एवं शानदार तरीके से मनाया जाएगा.16 अप्रैल महाष्टमी के दिन मोटरसाइकिल से शोभा यात्रा निकाला जाएगा.

### पुलिस ने दो फरार वारंटी को भेजा जेल

**नावा बाजार/पलामू।** नावाबाजार थाना पुलिस ने दो अलग-अलग कांडों के दो प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. इस संबंध में नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि कुम्भीकला पंचायत के हताई निवासी प्रवेश सिंह के 19 वर्षीय पुत्र बाबुलाल कुमार सिंह फिरौती का आरोपी तथा सोहदाग खुर्द पंचायत के मल्लाह टोली निवासी राजमथन सिंह के पुत्र जगन सिंह का बेल टूटने के बाद उनके खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत था. जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

### साक्ष्य के अभाव में पंचायत सचिव बरी

**मेदिनीनगर ।** पलामू जिला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छह सह विशेष न्यायाधीश निगरानी ने एसीबी. केस 5/2018 में साक्ष्य के अभाव में पंचायत सचिव विकास कुमार को रिहा कर दिया है. मालूम हो कि वर्ष 2018 में भ्रष्टचार निवारण ब्यूरो द्वारा लातेहार जिला के 14 वें वित्त से नावडीह गांव में सामुदायिक भवन मरम्मती के नाम पर चुकुरू पंचायत के पंचायत सचिव विकास कुमार को 14000 रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था. इसके तहत् एसीबी बाद संख्या 4/18 दर्ज किया गया था. बाद में विशेष न्यायालय पलामू में विजलेंस बाद संख्या 5/18 के तहद ट्रायल किया गया.

### अयोध्या के लिए श्रद्धालुओं का जत्था किया गया रवाना

**छतरपुर/पलामू।** नगर पंचायत के खाटीन के नव युवक संघ के बैनर तले श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या के लिए रवाना हुई. श्रद्धालुओं के 55 सदस्यीय जत्था को सुबोध सोनी, अनुपम सिंह, विनय गुप्ता, रामानंद मिश्रा, राधे मिश्रा, सुभाष मिश्रा, जीतेंद्र गुप्ता, परमानंद मिश्रा, पंकज चौरसिया, चंचल ठाकुर सहित अन्य लोगों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. श्रद्धालुओं का जत्था विनय ठाकुर उर्फ टिंकू और नीरज मिश्रा के नेतृत्व में श्रीराम के दर्शन के अयोध्या गया है. विनय ठाकुर उर्फ टिंकू ने बताया कि विष्णुलोक बस से तीन धाम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को लेकर जा रहे हैं.

### राजेंद्र साहू की हत्या, शोक में सादगी से रामनवमी मनाई जाएगी

**बालूमाथ (लातेहार)।** महावीर मंदिर मंडल कमेटी की बैठक देवी मंडप में शुक्रवार को संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता रंजीत कुमार गुप्ता ने किया. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महावीर मंदिर मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू की हत्या से सामाजिक शून्यता की स्थिति उत्पन्न हुई है. राजेंद्र साहू की असामयिक हत्या हिंदू धर्म के लिए अपूर्णिय क्षति है. बैठक में इस वर्ष रामनवमी पूजा का जुलूस नहीं निकलने का निर्णय लिया गया. रामनवमी के अवसर पर सादगीपूर्ण तरीके से पूजा पाठ अपने अपने घरों में करने की अपील की गयी.

## न्यूज अपडेट

### रुद्र महायज्ञ सह हनुमत रुद्र प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ नौ से



**पांकी (पलामू)।** पांकी प्रखंड के गोंगो गांव में आगामी नौ अप्रैल से रुद्र महायज्ञ सह हनुमत रुद्र प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू होगा. इसकी तैयारी अंतिम चरण में है. यज्ञ मंडप, हवन कुंड, प्रवचन स्थल बनाने समेत अन्य तैयारियां की जा रही है. यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामयाद सिंह ने बताया कि आठ दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ नौ अप्रैल को जलयात्रा के साथ शुरू होगा. इस महायज्ञ के कथा वाचक अशोक देवा चर्या महाराज और केशव प्रिया भारद्वाज होंगे. कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर और विशिष्ट अतिथि नितेश सिंह और उपाध्यक्ष बीस सूत्री गढ़वा शामिल होंगे. यज्ञ के सफल संचालन में सचिव महेंद्र प्रसाद सिंह, उप सचिव यशवंत सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, उप कोषाध्यक्ष रामाकांत सिंह, उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह व नवनीत सिंह और पगार गोंगो के ग्रामीणों का विशेष योगदान मिल रहा है.

### भारत विभिन्न संप्रदाय व धर्मों का देश है : संजय यादव



**चंदवा/लातेहार।** युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश सचिव संजय यादव ने चंदवा के तिलैयाटांड़ में अपने मुस्लिम मित्र के आवासीय परिसर में शुक्रवार शाम दावत ए इफ्तार में शामिल हुए. उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न संप्रदाय व धर्मों का देश है. यहां भिन्न-भिन्न प्रकार के पर्व त्योहार मनाये जाते हैं. भिन्नता में एकता ही भारत देश को महान बनाता है. यहां सभी धर्म के लोग एक दूसरे को सम्मान करते हैं. राजद नेता संजय यादव ने कहा कि रमजान पर्व देश को शांति का संदेश देता है. गिला शिकवा मिटाकर आपसी भाईचारे को बढ़ाता है. सभी को हजरत मोहम्मद साहब के बताए हुए नेकी की राहों पर चलना चाहिए. भारत देश को विश्व का सबसे श्रेष्ठ देश बताते हुए .

### वन क्षेत्र के लोग वनों के महत्व को समझें : पांडयान




**गुमला।** वन संरक्षक डा.आर थंगया पांडयान ने कहा है कि वन क्षेत्र के विकास में बाधक आक्रमणकारी झाड़ीनुमा पौधे व औषधीय उत्पादों के तस्करी एवं सहज व्यापार के प्रति वन क्षेत्र के लोगों को जागरूक करने की जरूरत है. जंगल के महत्व, संरक्षण और वन कानून विषय पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का उदघाटन करते हुए वन संरक्षक ने उक्त बातें कहीं. उन्होंने कहा कि जिस दिन वन क्षेत्र के लोग वन के महत्व को समझ जाएं और उसका सदुपयोग करें तो वन क्षेत्र के लोगों का विकास आसान हो जाएगा.अभी वन क्षेत्र के उत्पादों का लाभ बाहर के व्यापारी उठा रहे हैं. कार्यक्रम का संचालन डा.प्रसन्नजीत मुखर्जी ने किया. इस अवसर पर डा.आशुतोष झा, सुशील पांडेय, संतोषी पांडेय, अजित मिंज आदि ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए.

### बच्चों को मोबाइल व टीवी से दूर रखेंः पांडेय



**लातेहार।** चिल्ड्रेन कान्वेंट स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर शिक्षक-अभिभावक गोष्ठि का आयोजन किया गया. मौके पर विद्यालय के प्राचार्य शशिभूषण पांडेय ने अभिभावकों को विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों से अवगत कराया. वार्षिक परिणाम घोषित करते हुए जारी परीक्षा में कक्षा प्राइमरी नर्सरी में याक्चित राज, पियुष व अनविक सोनी ने क्रमशः प्रथम, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया. नर्सरी में अनमोल राज, नंदनी व हन्नु कुमार, कक्षा एक में सत्यम , समायरा व आर्यन , कक्षा दो में आशी ,रीतेश प्रसाद व मोही राज, कक्षा तीन में दिव्यांशु ,अभिराज सिंह व रिषभ,कक्षा चार में आस्था , परिधि व अराध्या,कक्षा पांच में सिया,मानसी व जानवी,कक्षा छह में आयेशा परवीन,वंश अग्रवाल व रिया तथा कक्षा सात में स्वीटी , युवराज व तियाशा टैगोर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया.

### लातेहार के एपीपी एचके राय ने त्याग पत्र सौंपा



**लातेहार।** जिला अभियोजन कार्यालय में पदस्थापित सहायक लोक अभियोजक हरिंद्र कुमार राय ने अपने पद का त्याग पत्र सौंप दिया है. मालूम हो श्री राय की नियुक्ति सिविल जज जूनियर डिवीजन गोपालगंज बिहार के पद पर होने के बाद उन्होंने सहायक लोक अभियोजक के पद से त्यागपत्र दे दिया है. उन्होंने अपने पद का प्रभार सहायक लोक अभियोजक रविंद्र नाथ चौरसिया को दे दिया है. प् श्री राय के सिविल जज के पद पर नियुक्ति होने से स्थानीय अधिवक्ता संजय कुमार, सुनील कुमार, नवीन कुमार गुप्ता, एजीपी अरविंद कुमार गुप्ता, रमन महतो, अब्दुल सलाम, विवेक कुमार, उपेंद्र कुमार व अमित कुमार गुप्ता आदि ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया है.

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को दी गयी विदाई



**हुसैनाबाद/पलामू।** हैदरनगर प्रखंड के अपग्रेडेड हाईस्कूल पांती के प्रागंण में शनिवार को सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राजेन्द्र प्रजापति को विदाई दी गयी. लगातार 20 वर्ष एक माह सेवा देने वाले राजेन्द्र प्रजापति को पूरे सम्मान के साथ शिक्षकों ने विदाई दी. विदाई समारोह की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाध्यापक नीलकंठ वर्मा ने कहा कि राजेन्द्र प्रजापति ने जीवन के उपवन में कर्तव्य निष्ठा का पूर्णतः निर्वहन कर शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किया. कार्यक्रम का संचालन कर रहे सहायक शिक्षक नूर मोहम्मद अंसारी ने कहा कि सेवानिवृत तक उन्होंने विद्यार्थियों के जीवन को दीप्तिमान बनाया. हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सुदूर वर्ती करीमनडीह गांव में किसान परिवार में जन्मे राजेन्द्र प्रजापति की शिक्षा-दीक्षा बेनी खुर्द गांव के बाद व्यवसायिक शिक्षा प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय लातेहार से प्राप्त किया.

### आरा मिल ध्वस्त, लकड़ी जब्त, संचालक गिरफ्तार



**भवनाथपुर।** मझिआंव थाना क्षेत्र के अधौरा गांव में भवनाथपुर वन क्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार (रेंजर) ने अपनी टीम के साथ छापामारी कर अवैध रूप से संचालित आरा मिल को उखाड़कर जब्त कर लिया है. इसके साथ ही मेराल थाना क्षेत्र के कमरमा गांव निवासी अमेरिका शर्मा का पुत्र सह अवैध रूप से संचालित आरा मिल के संचालक संजय शर्मा को गिरफ्तार कर वन अधिनियम एक्ट के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया. इसके अलावा आरा मिल से इमारती एवं विभिन्न प्रजाति के लड़कियों को भी जब्त करते हुए सुरक्षार्थ के लिए भवनाथपुर वन क्षेत्र कार्यालय में लाया गया. इसकी जानकारी रेंजर प्रमोद कुमार ने दी.

### चंदवा में गौरव शहीद जतरा मेला का आयोजन



**चंदवा (लातेहार)।** प्रखंड के डुमारो पंचायत में स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत गौरव स्मृति महोत्सव निंद्रा के तत्वावधान में जतरा मेला का आयोजन किया गया. मेला में बतौर अतिथि स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम ने भाग लिया. उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में डुमोरो पंचायत के टाना भगतों की कुर्बानियों को भूलाया नहीं जा सकता है. उन्होंने कहा कि टाना भगतों ने देश की आजादी में अहम भूमिका निभायी थी. उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि दी. कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष शिव शंकर टाना भगत के नेतृत्व में पारंपरिक पूजा-पाठ तथा भजन के साथ किया गया. उन्होंने बताया कि डुमारो पंचायत का प्रखंड में अपना एक विशेष स्थान है.

## ब्रीफ खबरें

### मतदान को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मौदा संकुल में उपयुक्त के आदेश पर शनिवार को आगामी लोकसभा निर्वाचन को लेकर प्रभात फेरी निकाली गई. इसमें जेएसएलपीएस बहरागोड़ा की ओर से मौदा संकुल में एसवीईईपी अंतर्गत प्रभात फेरी का आयोजन किया गया था. उक्त प्रभात फेरी विभिन्न गांव का परिभ्रमण करते हुए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कई सारे नारे लगाए तथा चुनाव के बारे में कई सारे संदेश दिए. इस प्रभात फेरी में ग्राम संगठनों से संबंधित सदस्य, संकुल संगठन के सभी कैडर, संकुल संगठन के अध्यक्ष महोदया, जेएसएलपीएस के सामुदायिक समन्वयक और कई अन्य कर्मचारी भी शामिल हुए.

### तिलक-दहेज प्रथा सबसे बड़ी कुरीति : नामधारी

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत दोकरा गांव में शनिवार से श्री रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ शुरू हुआ. महायज्ञ में प्रवचन कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने किया. उन्होंने उपस्थित आचार्यों से आग्रह किया कि वे भारतीय समाज में चल रही तिलक-दहेज की आंधी को रोकने का उपाय खोजें. उन्होंने रामचरितमानस का प्रसंग बताते हुए कहा कि सीता जी के स्वयंवर में कोई लेन-देन की बात तो नहीं हुई थी, लेकिन जनकजी ने इतना सामान दिया कि कई महीनों तक ढोया जाता रहा.

### सोनुवा गुरुकुल स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**सोनुवा।** सोनुवा के गुरुकुल स्कूल टोपोटोला धोलाबनी में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशित किया गया. इस मौके पर मुख्य रूप से स्कूल की डायरेक्टर सह राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक संध्या प्रधान व स्कूल के अध्यक्ष सेवानिवृत शिक्षक प्रदीप कुमार प्रधान उपस्थित हुए. इस दौरान स्कूल में बैठक का भी आयोजन किया गया. बैठक में स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों व अभिभावकों के साथ स्कूल की पढ़ाई तथा संचालन को लेकर चर्चा हुई. बैठक में उपस्थित अभिभावकों के द्वारा कई सुझाव दिए गए.

### बिरसानगर में दो घरों का ताला तोड़कर चोरी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिरसानगर थाना अंतर्गत जोन नंबर पांच निवासी मधु शर्मा के मकान में दो किराएदारों के घरों का ताला तोड़कर चोरी कर ली गई. शनिवार सुबह घटना की सूचना पुलिस को दी गई. सूचना के कई घंटों बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने किराए के मकान में रहने वाले राजा साह और मुन्ना दास के घर चोरी की. वहीं, पड़ोसी मुन्ना दास के घर में भी चोरों ने टीवी और नगद की चोरी कर ली. इसके बाद उसने बिरसानगर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है.

### हरि नाम संकीर्तन का दधि महोत्सव के साथ समापन

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के कांठालिया गांव में चल रहे पांच दिवसीय हरि नाम संकीर्तन का शनिवार को दधि महोत्सव के साथ समापन हुआ. वहीं, दधि हांडी को लेकर पुजारी ने पूरे गांव का परिभ्रमण किया. इस दौरान हरे कृष्ण के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा. युवा मंडली द्वारा गाजे-बाजे के साथ गांव का परिभ्रमण किया गया तथा एक दूसरे के ऊपर गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया गया. इसके बाद दोपहर को हजारों भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया. इस पांच दिवसीय हरि नाम संकीर्तन को सफल बनाने के लिए कांठालिया ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

---

#### मतदाताओं को जागरूक कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है प्रेरित

# खरसावां में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

संजीव मेहता। आदित्यपुर



**खास बातें**
- हर नागरिक करे अपने मताधिकार का प्रयोग
- कई प्रखंड में शपथ ग्रहण अभियान चलाया गया

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सरायकेला जिला प्रशासन जी तोड़ कोशिश कर रहा है. स्वीप कार्यक्रम के तहत शनिवार को खरसावां प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया है. बता दें कि लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है.

इसी क्रम में आज खरसावां प्रखंड के देहरिडीह, दलाईकेला, जोजोडीह पंचायत, कांटाडीह, खेलरिसाई में मतदाता जागरूकता अभियान एवं शपथ ग्रहण अभियान चलाया गया. साथ ही स्थानीय महिलाओं द्वारा रंगोली भी बनाया गया, जिससे मतदाताओं को जागरूक किया जा सके. इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया.

**निर्वाचन प्रणाली के संबंध में दी गई जानकारी :** मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया. इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई. साथ ही 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो. यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म-6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए. उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे. साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया.

---

#### एकवर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स का नामांकन 30 अप्रैल तक चलेगा

# वीमेंस यूनिवर्सिटी में सर्टिफिकेट कोर्स के लिए नामांकन प्रारंभ

मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर




**सुनहरा मौका**
- आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस कोर्स की शुरुआत की गयी है
- 12 वीं में 45% अंक प्राप्त वाले कर सकतें हैं आवेदन

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया इस महीने से शुरू हो चुकी है. इच्छुक छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय की ओर से रोजगारपरक शिक्षा दी जा रही है, ताकि छात्राओं का भविष्य उज्जवल और वे स्वावलंबी बन सकें. यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने कहा है कि छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य के लिए विभिन्न प्रकार के एक वर्षीय कोर्स यहां आरंभ किये गये हैं. नामांकन 30 अप्रैल तक चलेगा. चयनित उम्मीदवारों की सूची अप्रैल प्रथम सप्ताह में जारी की जाएगी. प्रत्येक सत्र 3000 रुपये की राशि एवं छात्राओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक माह 500 रु देने का प्रावधान किया गया है. विश्वविद्यालय में एमसीए और बीसीए विभाग की ओर से आर्टीफिशयल इंटेलीजेंस कोर्स की शुरुआत की गयी है. बीएससी भौतिकी, रसायन शास्त्र, कंप्यूटर एपलीकेशन, गणित में जिन्होंने (12वीं में भी जिनका गणित विषय रहा हो) तथा इंफॉरमेशन टेक्नॉलॉजी में जिन्होंने भी 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किया हो, वे छात्राएं इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकती हैं. स्नातकोत्तर वाणिज्य द्वारा डिजिटल मार्केटिंग कला एवं इवेन्ट मैनेजमेंट कोर्स की शुरुआत की गई है.

### जूलॉजी विभाग के सेरीकल्चर कोर्स की शुरुआत

इसके साथ ही विज्ञान एवं वाणिज्य के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के अंतिम सत्र की छात्राएं जिन्होंने कम से कम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किया हो, वे इस कोर्स में एडमिशन ले सकती हैं. स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर की कला, विज्ञान एवं वाणिज्य की छात्राओं के लिए जीएसटी कोर्स है. बायोटेक विभाग द्वारा फूड माइक्रो बायोलॉजी में नामांकन के लिए बीएससी बायोटेक अथवा बॉटनी में 45 प्रतिशत अंक आवश्यक है. बायोटेक विभाग द्वारा एक और कोर्स फोरेंसिक साइंस बीएससी बायोटेक, बॉटनी एवं एग्रीकल्चर की छात्राओं के लिए है. साथ ही साथ प्लांट टिशू कल्चर बीएससी बायोटेक एवं बॉटनी की छात्राओं के लिए है. स्नातकोत्तर संगीत विभाग द्वारा किसी भी संकाय की स्नातक एवं स्नातकोत्तर की छात्राओं के लिए गिटार (स्पैनिश) एवं कथक कोर्स प्रारंभ किया गया है. स्नातकोत्तर जूलॉजी विभाग द्वारा सेरीकल्चर कोर्स की शुरुआत की गई है. कला, विज्ञान एवं वाणिज्य के अंतिम सत्र में जिन्होंने 45 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है, वे इस कोर्स के लिए आवेदन कर सकती हैं.

## एलएलबी प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन नौ अप्रैल से

**जमशेदपुर।** कोल्हान विश्वविद्यालय ने जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज में एलएलबी प्रथम सेमेस्टर (नये सत्र) में एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा का आवेदन करने की तिथि जारी कर दी है. विश्वविद्यालय की अधिसूचना के मुताबिक आगामी नौ अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन फार्म भरा जायेगा. आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 4 मई है. वैसे विद्यार्थी जो किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक हों, वे आवेदन कर सकते हैं. भरे हुए आवेदन की हार्ड कॉपी (प्रिंट) विश्वविद्यालय को रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से भेजनी है, जिसकी अंतिम तिथि 16 मई है. प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक जेनरल एवं ओबीसी कैटेगरी के अभ्यर्थियों के लिए कम से कम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक की डिग्री अनिवार्य है. जबकि एससी व एसटी कैटेगरी के लिए प्राप्तांक 40 प्रतिशत होना चाहिए. जेनरल एवं ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शुल्क 600 तथा एससी व एसटी अभ्यर्थियों के लिए 500 रुपये है. परीक्षा के लिए जमशेदपुर में केंद्र बनाया जायेगा.

### भाजपा की बैठक में जनसंपर्क अभियान चलाने पर दिया जोर

**नोवामुंडी।** सारंडा मंडल अध्यक्ष कैलाश दास की अध्यक्षता में गुवा रामनगर स्थित बीएमएस कार्यालय में लोस चुनाव को लेकर भाजपा की एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता भाजपा सारंडा मंडल अध्यक्ष कैलाश दास ने की. जिसमें गुवा के दस बूथ में लाभार्थी संपर्क अभियान चलाए जाने पर विचार-विमर्श किया गया. साथ ही लोकसभा प्रत्याशी के आगामी कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई. साथ ही घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाने पर जोर दिया गया. बैठक में मुख्य रूप से भाजपा सारंडा मंडल अध्यक्ष कैलाश दास, जमशेदपुर महानगर प्रभारी किशोर प्रसाद, एससी मोर्चा जिला महामंत्री रितेश प्रसाद, जिला सोशल मीडिया प्रभारी राज किशन आदि मौजूद थे.

### मोदी के चेहरे पर दिख रहा है चुनाव हारने का डर : प्रीतम

**चाईबासा।** युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवासन बीवी के निर्देशानुसार शनिवार को शहीद पार्क चौक चाईबासा में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया गया. युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रीतम बांकिरा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने के लिए हर दिन तरह तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं और नरेंद्र मोदी के इशारे पर युवा कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी के बैंक एकाउंट फ्रीज किए जा रहे हैं. ताकि कांग्रेस पार्टी मजबूती के साथ चुनाव न लड़ सके. कभी ईडी, सीबीआई तो कभी पार्टी को प्राप्त चंदे पर पेनाल्टी लगाना यह दर्शाता है कि भाजपा और मोदी सरकार को चुनाव में हार का डर अभी से ही सताने लगा है.

---

## न्यूज अपडेट

### वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र रवि का निधन, दी गई श्रद्धांजलि



**नोवामुंडी।** नोवामुंडी के वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र कुमार रवि 65 वर्ष का शुक्रवार को इलाज के दौरान हृदयगति के रुकने से चाईबासा सदर अस्पताल में मौत हो गई है.वह पिछले कई सालों से किडनी समस्या से जूझ रहे थे. नोवामुंडी के चर्चित पत्रकार के निधन से लोगों में शोक की लहर है. राजेन्द्र कुमार रवि अपने पत्रकारिता के दौरान कई हिंदी दैनिक समाचार पत्रों में योगदान दे चुके हैं. इसके पहले भी उन्हें नोवामुंडी टाटा स्टील अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कर इलाज कराया गया था. उस समय वे स्वस्थ होकर घर लौट गये थे. होली के पहले उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई थी. इसकी सूचना मिलते ही उनकी बेटी नोवामुंडी आकर अपने पिता को इलाज कराने के लिये चाईबासा बड़ी बाजार स्थित घर ले गई थी. वहीं उनका इलाज चल रहा था. घटना के पहले उनकी तबीयत अधिक बिगड़ते देख इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था. वहीं इलाज के समय चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया.

### धनंजय भकत की पुण्यतिथि पर लोगों ने किया नमन




**घाटशिला।** माटी कला भवन लालडीह घाटशिला में शनिवार को कुंभकार प्रगतिशील समिति के संस्थापक सदस्य धनंजय भकत की 18वीं पुण्यतिथि मनाई गई. श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर मलार्पणकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया एवं भगवान से उनकी आत्मा शांति की प्रार्थना के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई. मौके पर समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जगदीश भकत ने कहा कि धनंजय बाबू हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड मऊभंडार के फोरमैन के पद पर कार्यरत थे. पोटका प्रखंड के कालापथर गांव में उनका जन्म हुआ था. अपने मेहनत और लगन के बल पर मऊभंडार कारखाना में फोरमैन के पद पर पहुंचे. कुंभकार प्रगतिशील समिति के संस्थापक सदस्य के साथ ही साथ बहुत सारा संगठनों में भी वह सक्रिय सदस्य एवं पदाधिकारी रहें.

### केवि मेघाहातुबुरु में नामांकन प्रक्रिया एक अप्रैल से



**किरीबुरु।** केंद्रीय विद्यालय मेघाहातुबुरु का शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 1 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एक अप्रैल प्रातः दस बजे से 15 अप्रैल सायं पांच बजे तक होगा. उक्त जानकारी प्राचार्य डॉ आशीष कुमार ने दी. उन्होंने कहा कि पहले एक क्लास में 40 बच्चों का नामांकन होता था, लेकिन नयी शिक्षा नीति में हुई बदलाव के बाद अब हर क्लास के साइज को कम किया गया है. अर्थात अब हर क्लास में 32 बच्चों का ही नामांकन करना है. इसके अलावे बाल वाटिका के नामांकन हेतु आवेदन ऑफ लाइन लिया जाएगा. बाल वाटिका के लिये फॉर्म 1 अप्रैल से विद्यालय में मिलेंगे. उन्होंने बताया की क्लास दो से क्लास नौ तक अगर किसी क्लास में 32 से कम बच्चे रहते हैं तो उसके लिए भी नामांकन ऑफलाइन किया जायेगा. वर्ग दो से नौ तक जिस क्लास में 32 से कम बच्चे होंगे, उसकी जानकारी सीबीएसई विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 31 मार्च तक अपलोड कर दिया जायेगा एवं एक अप्रैल को हम अपने विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगाकर इसकी जानकारी सार्वजनिक कर देंगे.

### जिला मुखिया संघ का वार्षिक अधिवेशन संपन्न



**चाईबासा।** जिला मुखिया संघ द्वारा जिला मुख्यालय स्थित पिल्लाई हॉल चाईबासा में वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ. अधिवेशन में सबसे पहले संघ के पूर्व मिडिया प्रभारी मुखिया स्वर्गीय दामु बानरा के तस्वीर पर माल्यार्पण किया और साथ ही दो मिनट का मौन धारण करने के बाद अधिवेशन का शुभारंभ किया गया. संघ के द्वारा स्वर्गीय दामु बानरा के धर्मपत्नी और उनके बेटे को वस्त्र और पचास हजार का आर्थिक सहयोग दिया गया. इस दौरान कई प्रस्तावक को लेकर भी चिंतन मंथन किया गया और कई प्रस्तावक को संघ द्वारा पारित भी किया गया.

### राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महासचिव का अभिनंदन



**जमशेदपुर।** राजद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नव मनोनीत झारखंड प्रदेश महासचिव अधिवक्ता गुड्डू हैदर का युवा राजद नेता शुभम सिन्हा ने टेल्को आवासीय कार्यालय में भेंट कर अभिनंदन किया. इस दौरान शुभम ने फूल माला और गुलदस्ता भी दिया. इस अवसर पर शुभम सिन्हा ने बताया कि जमशेदपुर के जाने-माने अधिवक्ता गुड्डू हैदर से आगामी चुनाव को लेकर विशेष चर्चा हुई. उन्होंने कहा कि गुड्डू हैदर राजद के विचार धारा से काफी सालों से जुड़े हुए हैं तथा पूर्व में भी ओमकारनाथ जयसवाल तथा राधे यादव के कार्यकाल में पार्टी एजेंडा पर काफी सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं.

### सीएचसी में स्थापित किया ओआरएस घोल कॉर्नर



**बहरागोड़ा।** शनिवार को बहरागोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर उत्पल मुर्मू के द्वारा ओआरएस घोल की व्यवस्था कराई गई है. वहीं, उन्होंने बताया कि इसे पीने से शरीर के फ्लूएड्स का स्तर ठीक हो जाता है. इसे आमतौर पर दस्त, उल्टी और दूसरी बीमारियों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है. बढ़ते तापमान के कारण शरीर में पानी की मात्रा में भारी कमी आ जाती. इसलिए शरीर में पानी की मात्रा को ओआरएस द्वारा पूरा किया जा सकता है. यह बेहद असरदार इलाज है.


### सांसद गीता ने किया किरीबुरु-मेघाहातुबुरु क्षेत्र का दौरा



**किरीबुरु।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मेघाहातुबुरु स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक सम्पन्न हुई. इस बैठक में मेघाहातुबुरु उत्तरी एवं दक्षिणी तथा किरीबुरु पूर्वी एवं पश्चिमी पंचायत के कार्यकर्ता शामिल हुए. कार्यकर्ताओं ने अप्रैल माह में सांसद गीता कोड़ा का किरीबुरु-मेघाहातुबुरु क्षेत्र का दौरा व जन संपर्क अभियान को लेकर रूप-रेखा तैयार किया गया. इसके अलावे कार्यकर्ताओं ने कहा कि सांसद गीता कोड़ा को आगामी लोक सभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज कराने के लिए हम सभी कार्यकर्ता पूरी तरह से कमर कस चुके हैं. गीता कोड़ा एक मात्र ऐसी सांसद है, जो अपने संसदीय क्षेत्र के गांव से लेकर शहरों के लोगों की तमाम समस्याओं के साथ खड़ी रहती हैं.

---

## पैंट्री तार कटने से डेढ़ घंटे ट्रैक पर खड़ी रही टाटा-हटिया ट्रेन



संवाददाता। चांडिल

चांडिल-पुरुलिया रेल लाइन पर नीमडीह प्रखंड अंतर्गत जामडीह रेलवे फाटक के समीप शुक्रवार की देर शाम टाटा-हटिया ट्रेन करीब डेढ़ घंटे तक ट्रैक पर खड़ी रही. ट्रैक पर ट्रेन के खड़े रहने के कारण उक्त मार्ग पर करीब दो घंटे तक ट्रेनों का आवागमन बंद रहा. बताया जा रहा है कि जामडीह रेलवे फाटक के दक्षिण दिशा पर टाटा-हटिया ट्रेन का पैंट्री तार कट गया था. इससे ट्रेन को बिजली की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी. इसके कारण टाटा-हटिया यात्री ट्रेन संख्या 18113-18114 शाम छह बजे रूक गई. ट्रेन चालक द्वारा सूचना दिए जाने के बाद रेलवे का तकनीकी टीम जामडीह पहुंचा और करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद तकनीकी खराबी को ठीक किया. जानकारी के अनुसार लगभग पौने आठ बजे यात्री ट्रेन अपने गंतव्य की ओर रवाना हुआ.

**परेशान रहे यात्री :** नीमडीह प्रखंड अंतर्गत जामडीह रेलवे फाटक के समीप ट्रेन के रूके रहने के कारण यात्री परेशान रहे. उक्त स्थान में दुकान आदि नहीं रहने के कारण यात्रियों को खाने-पीने का सामान भी नहीं मिल रहा था. खराबी को दूर करने के बाद ट्रेन के आगे बढ़ने पर यात्रियों ने राहत की सांस ली. इस दौरान चांडिल-पुरुलिया रेल लाइन पर करीब दो घंटे तक ट्रेनों का आवागमन बाधित रहा.

## सड़क दुर्घटना में मां की मौत, बेटी गंभीर

संवाददाता। चांडिल



चौका थाना क्षेत्र के दुबराजपुर के पास टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर हुई सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गई. मृतक महिला की पहचान ईचागढ़ प्रखंड के पाटपुर निवासी आशा लता सिंह मुंडा के रूप में की गई है. मिली जानकारी के अनुसार, पाटपुर निवासी गुरचरण सिंह मुंडा अपनी बेटी जोबा सिंह मुंडा को परीक्षा दिलवाने सिंहभूम कॉलेज चांडिल ले जा रहे थे.

जोबा सिंह मुंडा कॉलेज चांडिल में हिंदी ऑनर्स प्रथम सेमेस्टर की छात्रा है. बाइक पर गुरचरण सिंह मुंडा के अलावा उनकी पत्नी आशा लता सिंह मुंडा, बेटी जोबा सिंह मुंडा और उसकी बेटी का छह माह का एक बच्चा सवार थे. परतपुर से चांडिल जाने के क्रम में दुबराजपुर के पास बाइक पर पेट्रोल भरने के लिए सड़क पार कर रहे थे. इसी दौरान सड़क पर जा रहे हैं एक अज्ञात बहन ने बाइक सवार सभी को कुचल दिया. इस घटना में बाइक पर सवार आशा लता सिंह मुंडा की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि जोबा सिंह मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गईं. दुर्घटना में गुरु चरण सिंह मुंडा और छह माह का दूधमुंहा बच्चा सुरक्षित हैं.

**एक घंटा विलंब से पहुंचा एंबुलेंस :** सड़क दुर्घटना की सूचना दिए जाने के बाद करीब एक घंटा विलंब से घटनास्थल पर एंबुलेंस पहुंचा. इस दौरान घायल सड़क पर ही तड़पती रही. घटना की जानकारी मिलते ही चौका थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भेजा. सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे. छह माह के दूधमुंहे बच्चे को सुरक्षित देखकर सभी आश्चर्यचकित थे. दुर्घटना के बाद चौका थाना की पुलिस घटना की जांच में जुट गई है.

### दुर्घटना में दो की मौत

**नोवामुंडी।** नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत गुवा थाना क्षेत्र के गुवासाई में दो युवकों की बाइक दुर्घटना में मौत हो गई. घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि शनिवार रात साढ़े बारह बजे सेवा नगर निवासी ओम बेहरा (19) पिता विक्रम बेहरा तथा गुवासाई स्थित प्रीपेड कॉलोनी निवासी प्रकाश पान (18) पिता इंद्रजीत पान अपने बाइक से काफी तेज गति से जा रहे थे. इतने में गुवासाई स्थित एक छोटा सा पुलिया से बाइक जा टकराया. पुलिया के नीचे गिरने के कारण एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. वहीं, दूसरे को गुवा सेल अस्पताल ले जाने के क्रम में ही मौत हो गई.

---

**अभियान**

#### लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से ही पुलिस-प्रशासन चौकन्ना है

# अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

दिलीप कुमार। चांडिल



**खास बातें**
- संदेहास्पद लोगों को किया जा रहा है चिह्नित
- पुलिस ने बरामद शराब को नष्ट कर दिया

लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से ही पुलिस-प्रशासन विशेष चौकसी बरतने लगी है. अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के साथ ही अपराध नियंत्रण की दिशा में लगातार काम किए जा रहे हैं. संदेहास्पद लोगों को चिन्हित करने का काम किया जा रहा है, जो चुनाव के दौरान गड़बड़ी कर सकते हैं. इसी क्रम में चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के तिरुलडीह थाना की पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के विरूद्ध अभियान चलाया.

शुक्रवार की शाम कुकड़ू साप्ताहिक हाट में पुलिस ने अभियान चलाकर अवैध महुआ शराब की बिक्री बंद कराया और शराब को नष्ट कर दिया. हाट में पुलिस की अचानक शुरू किए गए अभियान से शराब बिक्री करने वालों में हड़कंप मच गया. आनन-फानन में शराब बिक्री करने वाले कई लोग शराब लेकर भाग खड़े हुए. जो पकड़े गए, उनसे बरामद शराब को नष्ट कर दिया गया.

### नहीं चलने दिया जाएगा गैरकानूनी धंधा

इस संबंध में तिरुलडीह थाना प्रभारी आलम चांद महतो ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार का गैरकानूनी धंधा नहीं चलने दिया जाएगा. हमारा लक्ष्य है कि थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था कायम रहे, क्षेत्र अपराध मुक्त रहे और समाज भयमुक्त रहे. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जहां कहीं भी किसी प्रकार का गैरकानूनी कारोबार और अपराध की जानकारी मिले, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें. सूचना मिलने पर पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी. उन्होंने कहा कि गैरकानूनी कारोबार के खिलाफ पुलिस की छापामारी लगातार जारी रहेगी. थाना प्रभारी ने अवैध शराब बनाने और बेचने वालों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि वे अपना गोरखधंधा तत्काल बंद कर दे वर्ना कार्रवाई के लिए तैयार रहे.

# एनटीटीएफ के 23 विद्यार्थी 2.52 लाख के पैकेज पर लॉक

मुख्य संवाददाता । जमशेदपुर



जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आरडी टाटा तकनीकी संस्थान में पुणे स्थित सुदर्शन डाइज़ कंपनी की ओर से कैंपस सिलेक्शन किया गया. इसमें लिखित परीक्षा एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया, जिसमें छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौरवान्वित किया.

कंपनी की ओर से एनटीटीएफ के 23 विद्यार्थियों को 2.52 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया. सभी विद्यार्थियों ने दोनों राउंड की सिलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए कंपनी में अपनी जगह बनायी. सभी चयनित विद्यार्थी डिप्लोमा इन टूल एंड डाई इंजीनियरिंग के फाइनल ईयर के हैं. इनमें हर्ष माझी, साहिल कुमार यादव, संस्कार, चिरंजनजीत साहू, सुमित कुमार, रामेश्वर महतो, रंजू कुमारी, विकास सिंह, आशीष कुमार रजक, कृष्णा तिवारी, अभिदास, कृष्णु कुमार, अंकित कुमार तिवारी, हेमराज साहू, अंजलि शर्मा, गोपाल शॉ, नितेश टोप्पो, बिक्रम सिंघा, देवेंद्र कुमार, अमन कुमार, साकेत कुमार, गट्टू प्रशांत कुमार एवं शुभम अधिकारी शामिल हैं. कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में संस्थान की प्लेसमेंट पदाधिकारी नेहा एवं मिथिला ने सहयोग किया. संस्थान क प्राचार्य प्रीता जॉन ने सभी चयनित विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी हैं.

